<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–07 जनवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी किया मसौदा मतदाता सूची। करीब दो करोड़ नवासी लाख मतदाताओं के नाम हुए बाहर।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में तेरह प्रस्तावों पर लगी मुहर। सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेशकों को विशेष प्रोत्साहन देगी सरकार। राज्य में पारिवारिक संपत्ति का हस्तांतरण होगा आसान।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए शुरू की मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता। टोल–फ्री नंबर पर चौबीस घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं विद्यार्थी।
- प्रदेश में घने कोहरे तथा भीषण ठंड से जनजीवन प्रभावित। हवाई और रेल यातायात पर भी पड़ रहा है असर।

**********

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर के बाद प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची जारी कर दी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची में बारह करोड़ पचपन लाख छप्पन हजार पचीस मतदाताओं के नाम हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा मतदाता सूची के इक्यासी दशमलव तीन प्रतिशत मतदाताओं ने नई मसौदा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया है। नई मसौदा मतदाता सूची से कुल दो करोड नवासी लाख मतदाताओं के नाम बाहर हो गये हैं। मृत मतदाताओं की संख्या छियालीस लाख से अधिक है। एक रिपोर्ट–

**प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिन्वा ने बताया कि दावा और आपत्ति की अवधि 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक है। नोटिस चरण और दावों और आपत्तियों का निष्तारण 27 फरवरी 2026 तक होगा और अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च 2026 को प्रकाशित की जाएगी। मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए बीएलओ, ईसीआईएनईटी मोबाइल ऐप, सीईओ उत्तर प्रदेश डॉट एनआईसी डॉट इन या वोटरर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन का उपयोग किया जा सकता है। नए मतदाताओं के लिए फॉर्म–6, विदेशों में रहने वालों के लिए फॉर्म–6क, नाम हटाने या आपत्ति के लिए फॉर्म–7 और सुधार या स्थान बदलने के लिए फॉर्म–8 का उपयोग किया जाएगा। ये फॉर्म बीएलओ, तहसील स्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र यानी वीआरसी सीईओ उत्तर प्रदेश डॉट एनआईसी डॉट इन से प्राप्त और जमा किये जा सकते हैं, या ईसीआई नेट मोबाइल ऐप वोटरर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, उद्योग, उच्च शिक्षा और परिवहन सहित कई विभागों के तेरह प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। बैठक में उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र जीसीसी नीति–दो हजार चौबीस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमावली–दो हजार पचीस को भी स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा लाई गई सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से तीन हजार करोड़ रुपए या उससे अधिक के निवेश पर विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीलीभीत में बस स्टेशन के निर्माण के लिए जमीन दिए जाने का भी प्रस्ताव कैबिनेट से पास हुआ।

**जनपद पीलीभीत में टनकपुर रोड के ऊपर एक नया बस अड्डा मुख्यालय से लगभग 1 किलोमीटर दूरी के ऊपर बनना है। जनपद पीलीभीत में नवीन बस स्टेशन स्थापित निर्माण करने के लिए इसमें राजस्व विभाग की जमीन 7,000 स्क्वायर मीटर यह जमीन सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को लीज पर दी है तो उत्तराखंड और खासतौर से नेपाल तो जाने–आने में सुविधा होगी और खास तौर से इसमें पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।**

कैबिनेट ने चिकित्सा अनुभाग, वाराणसी के मंडलीय चिकित्सालय के ग्यारह भवनों का ध्वस्तीकरण करते हुए पांच सौ बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाए जाने को भी मंजूरी दी। बैठक में राज्य में परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई ।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, दो हजार पचीस देश के ग्रामीण विकास परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा और यह विकसित भारत की नींव रखेगा। एक रिपोर्ट–

**लखनऊ के लोक भवन में वर्ष की पहली मंत्रिमंडल बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक महत्वपूर्ण अधिनियम है। इसे पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने, रोजगार के अवसर सृजित करने, गारंटी प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी संपत्ति का निर्माण करने के लिए पारित किया गया है। इससे ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार होगा। पिछली मनरेगा योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नया अधिनियम महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा**

**कि मनरेगा में कई खामियां थीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा नए अधिनियम में रोजगार सृजन और समय पर भुगतान की संभावनाएं हैं। सुशील चन्द्र तिवारी की रिपोर्ट के साथ मैं मुकेश कुमार बल।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आएंगे। इस दौरान वह विकास परियोजनाओं की प्रगति जांचने के साथ ही विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर पहुंच कर निर्माणाधीन गोरखपुर पिपराईच फोरलेन मार्ग का निरीक्षण करेंगे। करीब बीस किलोमीटर लंबे इस मार्ग को फोरलेन बनाने पर नौ सौ बयालीस करोड़ रूपये की लागत आएगी। अगस्त दो हजार छब्बीस तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री शहर के राप्ती नगर और मोहरीपुर में स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण करने के साथ ही वहां जरूरतमंदो में कम्बल वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री इससे पूर्व राष्ट्रीस स्वंय सेवक संघ के साथ जुड़े रहे दिवंगत समाज सेवी परमेश्वर प्रसाद के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। सीबीएसई की परीक्षाएं इस वर्ष सत्रह फरवरी से शुरू हो रही हैं। एक रिपोर्ट–

**कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए निरूशुल्क परामर्श इस वर्ष पहली जून तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना है। विद्यार्थी टोल–फ्री नंबर 1800118004 पर हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा तनावमुक्त तैयारी, प्रभावी समय और तनाव प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।**

**********

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने वर्ष दो हजार पंद्रह में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में आज मिशन अमृत सरोवर पर नजर डालते हैं।

**प्रगति के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर मिशन अमृत सरोवर की नियमित समीक्षा की गई। इस डिजिटल मंच पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एक साथ जुड़े, ताकि जमीन की उपलब्धता, विभागों के बीच समन्वय और फंड जारी करने जैसी समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके। इस योजना के तहत 15 अगस्त 2023 तक कुल 50000 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन प्रगति की निगरानी के बाद काम में तेजी आई और अब तक देश भर में 68 हजार आठ सौ से अधिक अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। इन जलाशयों के पास 23 लाख से अधिक पेड़ भी लगाए गए हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

प्रदेश में घने कोहरे और भीषण ठंड से जनजीवन प्रभावित है। कोहरे के चलते हवाई और रेल यातायात पर असर पड़ा है। कई रेलगाड़ियां देरी से चल रही हैं। भारतीय रेलवे के अनुसार, कम दृश्यता के कारण रेलगाड़ियां विलंब से चल रही हैं। यात्रियों को स्टेशन पहुंचने से पहले अपनी रेलगाड़ियों की स्थिति की जानकारी लेने का परामर्श दिया गया है। मौसम विभाग ने प्रदेश में आज भी कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल से बारह जनवरी तक प्रदेश में कहीं–कहीं घना कोहरा पड़ने की चेतावनी दी है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

**********